Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष-३० अंक-१६ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१ - १५ अक्टूबर २०२१ पृष्ठ ०८ मूल्य:१० रु.मात्र (रंगीन सहित)




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ०१ अक्टूबर, २०२१ को नई दिल्ली में स्वच्छ भारत मिशन-शहरी २.० और अमृत २.० का शुभारंभ करते हुए साथ मे हैं केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, आवास और शहरी मामलों के मंत्री, हरदीप सिंह पुरी व अन्य

## स्वच्छ भारत मिशन-शहरी २.० का लक्ष्य शहरों को पूरी तरह से कचरा-मुक्त बनाना-प्रधानमंत्री मोदी

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन-शहरी २.० और अटल कायाकल्प एवं शहरी परिवर्तन मिशन २.० का शुभारंभ किया। दिनांक ०१.१०.२०२१ को इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, गजेन्द्र सिंह शेखावत, प्रहलाद सिंह पटेल, कौशल किशोर, बिश्वेश्वर टुडू, राज्यों के मंत्री, महापौर, शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्ष और नगर आयुक्त उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि २०१४ में, देशवासियों ने भारत को खुले में शौच मुक्त-ओडीएफ बनाने का संकल्प लिया था और उन्होंने १० करोड़ से अधिक शौचालयों के निर्माण के साथ इस संकल्प को पूरा किया। प्रधानमंत्री कहा कि अब स्वच्छ भारत मिशन-शहरी २.० का लक्ष्य शहरों को कचरा मुक्त यानी कचरे से पूरी तरह से मुक्त बनाना है। प्रधानमंत्री ने मिशन अमृत के अगले चरण में देश के लक्ष्य को रेखांकित करते हुए कहा, सीवेज और सेप्टिक प्रबंधन में सुधार, हमारे शहरों को जल-सुरक्षित शहर बनाना और यह सुनिश्चित करना कि कहीं भी कोई सीवेज का गंदा नाला हमारी नदियों में आकर न गिरे। प्रधानमंत्री ने शहरी उत्थान और स्वच्छता से जुड़ी बदलाव की सफलताओं को महात्मा गांधी को समर्पित किया।

## टोक्यो ओलंपिक: रेलवे के पदक विजेताओं को रेलमंत्री ने किया सम्मानित



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि रेलवे के खिलाड़ियों के करियर की सुनिश्चित प्रगति के लिए योजना बनाई जा रही है। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को ३० अक्टूबर, २०२१ तक रेलवे के खिलाड़ियों के करियर की प्रगति का एक प्रारूप तैयार करने का निर्देश दिया।

अश्विनी वैष्णव ने दिनांक ३०.०६.२०२१ को जापान के टोक्यो में आयोजित ओलंपिक २०२० खेलों में भाग लेने वाले भारतीय रेल के २५ पदक विजेता खिलाड़ियों तथा ६ कोचों को सम्मानित करने के लिए रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) द्वारा आयोजित एक समारोह में टोक्यो ओलंपिक के रेलवे के पदक विजेताओं तथा प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान रेल बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ सुनीत शर्मा तथा रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। रेल मंत्री ने रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड के नियमित नकद पुरस्कारों के अतिरिक्त भारतीय रेल के एथलीटों तथा कोचों को विशेष नकद पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की थी।

उन्होंने खिलाड़ियों (स्वर्ण-३ करोड़, रजत-२ करोड़, कांस्य-१ करोड़, ८वें प्रतिभागियों तक-३५ लाख, प्रतिभागी-७.५ लाख) तथा कोचों (स्वर्ण-२५ लाख, रजत-२० लाख, कांस्य-१५ लाख) के लिए विशेष नकद पुरस्कारों की घोषणा की थी। भारतीय रेलवे के एथलीटों तथा कोचों को इस अवसर पर कुल १२ करोड़ ६७ लाख ५० हजार रुपये की राशि के साथ विशेष नकदी पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्ट फोन से किया जाएगा लैस

रे.स.ब्यूरो./लखनऊ। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्ट फोन और इंफेंटोमीटर से लैस करने की योजना का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब प्रदेश में हर आंगनबाड़ी केन्द्र का अपना भवन होगा और प्री प्राइमरी स्कूल के तौर पर इसे भी अलग पहचान दिला जाएगी। यह काम सरकार की प्राथमिकता में हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय और बढ़ाने के भी संकेत दिए। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों जो मानदेय बढ़ा था वह कार्यकर्ताओं के काम (परफारमेंस) के आधार पर प्रोत्साहन राशि के तौर पर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार उनका मानदेय बढ़ाने पर विचार कर रही है। मंगलवार दिनांक २८.०६.२०२१ को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्ट फोन और इंफेंटोमीटर वितरित करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता




बच्चों के सर्वांगीण विकास की नींव हैं। उन्होंने कहा कि इस सरकार के पहले तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सिर्फ धरना-प्रदर्शन करने वाली कर्मचारी के रूप में पहचान थी। लेकिन अब सरकार बदलने के बाद से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ बच्चों और धात्री महिलाओं के पोषण कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

### पाठकों से

आपको यह अंक कैसा लगा? कृपया अपने सुझावों, आलोचनाओं से अवश्य ही अवगत करायें। इसमें आप और क्या परिवर्तन चाहते है। आपके पत्रों का हमें इंतजार रहेगा।

प्रधान सम्पादक

## भारत को गांधीजी के सपनों का देश बनाएं : राष्ट्रपति कोविंद



रे.स.ब्यूरो./नई दिल्ली। महात्मा गांधी की १५२ वीं जयंती की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने जनता को खास संदेश दिया। गांधी जयंती के मौके पर देशवासियों के नाम संदेश में राष्ट्रपति कोविंद ने कहा कि यह दिन सभी भारतीयों के लिए विशेष होता है। उन्होने आह्वान किया कि आइये भारत को गांधीजी के सपने का देश बनाने की प्रतिज्ञा लें। राष्ट्रपति ने कहा कि यह हमारे लिए एक अवसर है जब हम गांधीजी के संघर्ष और बलिदान को याद करें। उन्होंने कहा आइये प्रतिज्ञा लें कि हम उनके संदेशों आदर्शों व मूल्यों पर चलकर उनके सपनों का भारत बनाने के लिए सतत प्रयास करते रहेंगे।

## दुर्गा पडालों व धार्मिक स्थलो पर तैनात रहेगे सिविल डिफेन्स के वार्डेन्स

रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज। डिप्टी कन्ट्रोलर नरेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में सिविल डिफेन्स प्रयागराज की नगर स्तरीय मासिक बैठक आयोजित की गई। नगर के समस्त पांच डिवीजन के घटना नियन्त्रण अधिकारी स्तर तक के वार्डेन्स पदाधिकारियो ने प्रतिभाग किया। मासिक बैठक में आगामी त्योहारो पर सभी दुर्गा पूजा पंडालो धार्मिक स्थलो पर शिफ्ट वाइज दो वोर्डन वालेन्टिर्स तैनात किये जाने के साथ वार्डेन सेवा में रिक्त चल रहे अवैतनिक वार्डन की भर्ती परिवार रजिस्टरो व डिवीजन की बैठक सहित विभागीय किया कलापो के लिए निर्देशित किया। बैठक में चीफ वार्डेन अनिल कुमार ए डी सी राकेश कुमार तिवारी राजीव भनोट, संजीव बाजपेई, महेन्द्र सक्सेना, एल के अहेरवार सहित वार्डेन पदाधिकारी मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री ने की नए संसद भवन के निर्माण कार्यों की समीक्षा



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने २६ सितंबर,२०२१ की शाम को नए संसद भवन के चल रहे निर्माण कार्य का मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया और समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने साइट पर किए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली और परियोजना को समय पर पूरा करने पर बल दिया। उन्होंने कार्य स्थल पर निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों से बातचीत की और उनका हालचाल भी जाना।

उन्होंने जोर देकर कहा कि वे एक पवित्र और ऐतिहासिक कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि निर्माण स्थल पर कार्य में लगे सभी कर्मियों को पूरी तरह से कोविड रोधी टीके लगाए जाएं। उन्होंने अधिकारियों से सभी श्रमिकों की मासिक स्वास्थ्य जांच कराने का भी निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि एक बार निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद, निर्माण स्थल पर काम में लगे सभी निर्माण श्रमिकों के लिए एक डिजिटल संग्रहालय स्थापित किया जाना चाहिए, जिसमें उनका नाम, उनके स्थान का नाम, उनकी तस्वीर और उनके व्यक्तिगत विवरण शामिल हों।

उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में उनके योगदान को पहचान मिलनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि सभी श्रमिकों को उनकी भूमिका और इस प्रयास में भागीदारी के बारे में एक प्रमाण पत्र भी दिया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री द्वारा औचक निरीक्षण न्यूनतम सुरक्षा प्रबंध के साथ किया गया था। उन्होंने निर्माण स्थल पर एक घंटे से अधिक समय व्यतीत किया।


**यदि मनुष्य कुछ सीखना चाहे, तो उसकी हर भूल उसे कुछ शिक्षा दे सकती है।**
**महात्मा गांधी**

## रेलमंत्री ने किया पीएमकेवीवाई के तत्वावधान में रेल कौशल विकास योजना का शुभारंभ




पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। आजादी का अमृत महोत्सव के ७५ साल के हिस्से के रूप में रेलवे प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से उद्योग से संबंधित कौशल में प्रवेश स्तर का प्रशिक्षण प्रदान करके युवाओं को सशक्त बनाने के लिए रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के तत्वावधान में दिनांकः१७.०६.२०२१ रेल भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में रेल कौशल विकास योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनीत शर्मा तथा रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।इस अवसर पर अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह एक शुभ दिन है, क्योंकि विश्वकर्मा जयंती पूरे देश में मनाई जा रही है। कौशल विकास का विजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन का अभिन्न अंग है और रेल कौशल विकास योजना के तहत ५० हजार युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य गुणात्मक सुधार लाने के लिए युवाओं को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण कौशल प्रदान करना है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि रेल कौशल विकास योजना के तहत दूरस्थ क्षेत्रें में प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि युवाओं को प्रशिक्षण प्रक्रिया का लाभ लेना चाहिए। तीन साल की अवधि में ५०,००० उम्मीदवारों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रारंभ में, १,००० उम्मीदवारों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण चार ट्रेडों में प्रदान किया जाएगा,इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, मशीनिस्ट और फिटर तथा इसमें १०० घंटे का प्रारंभिक बुनियादी प्रशिक्षण शामिल होगा। क्षेत्रीय मांगों और जरूरतों के आकलन के आधार पर क्षेत्रीय रेलवे और उत्पादन इकाइयों द्वारा अन्य ट्रेडों में प्रशिक्षण कार्यक्रम जोड़े जाएंगे। प्रशिक्षण निःशुल्क प्रदान किया जाएगा और प्रतिभागियों का चयन मैट्रिक में अंकों के आधार पर ऑनलाइन प्राप्त किए गए आवेदनों में से किया जाएगा। १०वीं पास और १८-३५ साल के बीच के उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र होंगे। हालांकि इस प्रशिक्षण के आधार पर योजना में भाग लेने वालों का रेलवे में रोजगार पाने का कोई दावा नहीं होगा। इस योजना के लिए नोडल पीयू - बनारस लोकोमोटिव वर्क्स द्वारा कार्यक्रम का पाठ्यक्रम विकसित किया गया है, जो मूल्यांकन को मानकीकृत करेगा और प्रतिभागियों के केंद्रीकृत डेटाबेस को बनाए रखेगा।

## खत्म नही हुई है कोरोना महामारी- डॉ. रणदीप गुलेरिया



रे.स.ब्यूरो./नई दिल्ली। दिल्ली एम्स के निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया का कहना है कि कोरोना महामारी अभी खत्म नहीं हुई है। लोगों को लग रहा है कि संक्रमण के मामले कम हुए हैं तो वे अब पहले की तरह जीवन बिता सकते हैं लेकिन यह सोच एकदम गलत है। उन्होने कहा कि अगर लोगों ने सलाह नहीं मानी तो स्थिति कुछ भी हो सकती है। शुक्रवार दिनांक २४.०६.२०२१ को सोशल मीडिया पर लोगों से बातचीत करते हुए डॉ. गुलेरिया ने कहा कि देश के हर व्यक्ति को शपथ लेनी चाहिए कि अब हम कोविड को आगे नहीं बढ़ने देंगे। मौजूदा हालात काफी नियंत्रण में है लेकिन आगामी दिन त्योहारों से जुड़े हैं। हम अभी भी महामारी काल में हैं और हर दिन उसका सामना कर रहे हैं। चेहरे पर मास्क सही तरीके से पहना और भीड़ से दूरी बनाने में ही भलाई है। वैक्सीन लगाने के बाद भी लोगों को अपने व्यवहार में बदलाव नहीं करना चाहिए।

## खत्म होगी मुंबई रूट की ट्रेनों की लेट लतीफी

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन द्वारा प्रयागराज में मुंबई रूट से आने वाली ट्रेनों की लेटलतीफी को कम करने एवं प्रयागराज जंक्शन पर इंजनों की अदला-बदली में लगने वाले समय को बचाने के लिए २७ किलोमीटर लंबा रेल फ्लाइओवर बनाया जाएगा। इस रेल फ्लाईओवर को मुंबई रूट से गंगापार के वाराणसी- प्रयागराज रामबाग रेलमार्ग से जोड़ा जाएगा। वहीं फ्लाइओवर से दो लिंक रेल फ्लाइओवर भी निकाले जाएंगे। इसके लिए उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन ने डीपीआर तैयार कर रेलवे बोर्ड को स्वीकृति के लिए भेज दिया है।

# प्रधानमंत्री ने किया आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का शुभारंभ

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने का पिछले सात साल से जारी अभियान, आज एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, ”आज हम एक मिशन शुरू कर रहे हैं, जिसमें भारत की स्वास्थ्य सुविधाओं में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता है। प्रधानमंत्री ने इस तथ्य को रेखांकित किया कि १३० करोड़ आधार संख्या, ११८ करोड़ मोबाइल ग्राहक, लगभग ८० करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ता, लगभग ४३ करोड़ जन धन बैंक खाताधारकों के साथ, दुनिया में कहीं भी इतनी बड़ी और परस्पर जुड़ी हुई अवसंरचना नहीं है। यह डिजिटल अवसंरचना राशन से लेकर प्रशासन (राशन से प्रशासन) तक सब कुछ तेजी से और पारदर्शी तरीके से आम भारतीय के लिए सुलभ बना रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, ”आज प्रशासन सुधारों के लिए जिस पैमाने पर प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जा रहा है, वह अभूतपूर्व है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आरोग्य सेतु ऐप से कोरोना संक्रमण को फैलने से रोकने में बहुत मदद मिली। उन्होंने को-विन की सराहना करते हुए कहा कि सबको वैक्सीन-मुफ्त वैक्सीन अभियान के तहत भारत में आज तक वैक्सीन की लभगग ९० करोड़ रिकॉर्ड डोज दिए जाने में को-विन की बहुत बड़ी भूमिका है। स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के उपयोग के विषय पर आगे बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में टेली-मेडिसिन का भी अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि अब तक संजीवनी के जरिये दूर बैठकर लगभग १२५ करोड़ परामर्श लिये गये हैं। यह सुविधा हर रोज देश के दूर-सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले हजारों देशवासियों को घर बैठे ही शहरों के बड़े अस्पतालों के डॉक्टरों से जोड़ रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना ने गरीबों की एक बहुत बड़ी चिंता दूर कर दी है। इस योजना के तहत अभी तक दो करोड़ से अधिक देशवासियों ने मुफ्त इलाज की सुविधा का लाभ उठाया है, जिनमें से आधी संख्या महिलाओं की है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि बीमारियां वो सबसे बड़ा कारण हैं जो लोगों को गरीबी के दुश्चक्र में फंसा देती हैं और इसमें परिवार की महिलाओं को सबसे ज्यादा पीड़ा भोगनी पड़ती है क्योंकि वे हमेशा स्वास्थ्य के मुद्दों को नजरअंदाज करती हैं। मोदी ने कहा कि उन्होंने आयुष्मान भारत के कुछ लाभार्थियों से मुलाकात की थी और उनके साथ बातचीत के दौरान उन्होंने अनुभव किया कि यह योजना बहुत लाभकारी है। उन्होंने कहा, ”ये स्वास्थ्य देखभाल समाधान, देश के वर्तमान और भविष्य के लिए एक बड़ा निवेश हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत-डिजिटल मिशन, अब पूरे देश के अस्पतालों के डिजिटल हेल्थ समाधानों को एक-दूसरे से जोड़ेगा। इस मिशन से न केवल अस्पतालों की प्रक्रियाएं सरल होंगी, बल्कि इससे जीवन की सुगमता भी बढ़ेगी। इसके तहत अब देशवासियों को एक डिजिटल हेल्थ आईडी मिलेगी और हर नागरिक का स्वास्थ्य रिकॉर्ड डिजिटल रूप में सुरक्षित रखा जायेगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत एक ऐसे स्वास्थ्य मॉडल पर काम कर रहा है, जो समग्र भी है और समावेशी भी है। यह ऐसा मॉडल है, जिसमें बीमारियों को रोकने पर जोर दिया जायेगा यानी वह रोकथाम वाली स्वास्थ्य सुविधा हो। इसके अलावा बीमारी की स्थिति में इलाज सुलभ हो, सस्ता हो और सबकी पहुंच में हो। उन्होंने स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार की भी चर्चा की और कहा कि पिछले सात-आठ वर्षो की तुलना में आज डॉक्टरों और पैरा-मेडिकल की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि देश में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों तथा अन्य आधुनिक स्वास्थ्य संस्थानों का एक बड़ा नेटवर्क स्थापित किया जा रहा है। इसके अलावा हर तीन लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मेडिकल कॉलेज बनाने पर काम चल रहा है। उन्होंने गांवों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने का उल्लेख करते हुए बताया कि गावों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नेटवर्क तथा आरोग्य केंद्रों को दुरुस्त किया जा रहा है।



## सपा सरकार बनी तो होगी जातीय जनगणना- अखिलेश यादव



रे.स.ब्यूरो./लखनऊ। पूर्व मुख्यमंत्री व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में सपा सरकार बनी तो जातीय जनगणना कराई जाएगी और पिछड़ों को उनका हक और सम्मान दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर सप्ताह अपने गृह क्षेत्र गोरखपुर जाते हैं। उसके बाद भी एक व्यापारी की पुलिस पिटाई से मौत हो गई इसकी जिम्मेदार यह सरकार है। वहां अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री अपराध के मामले में झूठ बोलते हैं। महिलाओं पर सबसे ज्यादा अत्याचार व अन्याय यूपी में हो रहा है। मानवाधिकार की सबसे ज्यादा नोटिस यूपी सरकार को मिली। सपा के वरिश्ठ नेता आजम खां को फर्जी मुकदमे में फंसा करके जेल में रखा गया है। यादव ने कहा कि किसान और गरीब इस बार विधानसभा चुनाव में भाजपा का सफाया कर देंगे। प्रदेश में बीजेपी की सरकार नहीं लौटेगी।

उन्होने कहा कि सपा की पूर्ण बहुमत की सरकार आ रही है।

## मिशन २०२२: कई विधायकों टिकट काटेगी भाजपा

रे.स.ब्यूरो./लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा ने विधानसभा चुनाव टिकट वितरण का फार्मूला प्रदेश में एक बार फिर सरकार बनाने के लिए के तय कर लिया है। पार्टी के फार्मूले के अनुसार टिकट वितरण हुआ तो विधानसभा चुनाव-२०२२ में १५० से अधिक उम्मीदवार बदल जाएंगे। इनमें २०१७ में चुनाव जीते और हारे उम्मीदवार भी शामिल है।

## Southern Railway observes FIT India Freedom Run 2.0



Southern Railway Organised the Fit India Freedom Run 2.0 at the Perambur Railway Stadium, led by Shri Gopinath Mallya, Addl General Manager, S. Rly

**CPRO/SR:** Southern Railway on Saturday the 25th September organised the FIT India freedom run 2.0 as part of the Nationwide campaign launched by the Ministry of Youth Affairs and Sports (MYAS) to commemorate the 75th Independence Day – "Azadi ka Amrit Mahostav. This is a nationwide movement modelled on the concept of Physical / Virtual run continuing in various formats from 13th August to 2nd October 2021 to encourage fitness all over the country. The concept behind this run is that "It can be run anywhere, any time". The Officers, staff, sports personnel from various disciplines assembled at the Perambur Railway stadium early morning. The campaign was inaugurated by Gopinath Mallya, AGM, Southern Raiway. Speaking on the occasion, he stressed on the importance of daily physical activity and exhorted the participants to make a resolve to include physical activity of at least 30 minutes daily in our lives. He also reiterated the slogan "Fitness ki dose Aadha Ghanta Roz" which was repeated enthusiastically by all. (Half an hour daily - Dose for Fitness) Welcoming all to the FITness run, . K.Madhusudan, Principal Chief Signal and Telecom Engineer, Southern Railway, and the President, Southern Railway Sports Association (SRSA) encouraged all employees to ensure minimum physical fitness to keep diseases away. Due to Covid restrictions, the run was organised within the grounds. After the run, the participants were taken to various facilities available in the Perambur grounds. Sportsmen from different disciplines displayed their skills in Boxing ring, Billards, weight lifting and in Gymnasium. Ms. Kanimozhi 100 mtrs hurdles Gold medallist at the recently concluded 60th Nationals Open Athletic championships held in Warangal with a personal best timing of 13.54 seconds also participated in the event along with V.Devarajan, Sports Officer, Southern Railway, and Saramma, Asst Sports Officer,Southern Railway. Padmashree P.T.Usha the legendary sprinter who is Officer on Special Duty/Sports in Palaghat Division conveyed her best wishes and sent a message supporting the Fitness India Freedom run and advised all the Railway officials to give importance to fitness along with their duties.

सम्पादकीय

# पंजाबः कांग्रेस की बड़ी मुश्किल

पंजाब में कांग्रेस को नवजोत सिंह सिद्धू ने एक नई मुसीबत में डाल दिया है। उन्होंने पंजाब कांग्रेस इकाई के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। इस तरह विपक्षियों को कांग्रेस पर हमला बोलने का अवसर मिल गया है। वहीं अब कैप्टन अमरिंदर सिंह को भी यह कहने का मौका मिल गया है कि वे शुरू से आगाह करते आ रहे थे कि सिद्धू पर भरोसा करना उचित नहीं है। वह चार साल पहले ही भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में शामिल हुए थे। आने के कुछ दिनों बाद ही उन्होंने मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। उनका कहना था कि अमरिंदर सरकार में भ्रष्टाचार बढ़ गया है, जनता उनसे नाराज है, मंत्री असंतुष्ट हैं। फिर बार-बार वे अमरिंदर सिंह के खिलाफ मोर्चा लेकर आलाकमान से मिलने दिल्ली आते रहे। आखिरकार केंद्रीय कमान ने दो महीने पहले ही उन्हें पंजाब इकाई का अध्यक्ष बना दिया। बार-बार आलाकमान को ललकारते रहे कि उन्हें स्वतंत्र रूप से फैसले करने दें। फिर अमरिंदर सिंह से असंतुष्ट नेताओं का जत्था लेकर दिल्ली पहुंचने लगे कि उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाया जाए। इसमें भी उन्हें कामयाबी मिली और इसी महीने अमरिंदर सिंह को अपना पद छोड़ना पड़ा। सिद्धू का कहना है कि वे पंजाब के लोगों के हितों को लेकर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं कर सकते। इसलिए उन्होंने पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिख कर इस्तीफा दे दिया। उन्हें उम्मीद थी कि अमरिंदर सिंह के हटने के बाद उन्हें प्रदेश की सत्ता संभालने का मौका मिल जाएगा। मगर ऐसा नहीं हुआ। केंद्रीय कमान ने मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्रियों के लिए जिन नामों की घोषणा की, उससे सिद्धू की उम्मीदों पर पानी फिर गया।

# अब नौतनवां तक दौड़ेंगी इलेक्ट्रिक इंजन से ट्रेनें

रे.स.ब्यू./सूत्र.गोरखपुर। अब जल्द ही भारत-नेपाल सीमा के आनंदनगर-नौतनवां रूट पर इलेक्ट्रिक इंजन से ट्रेनें दौड़ेंगी। ट्रेन की अधिकतम रफ्तार भी ११० किमी प्रति घंटे होगी इसके साथ ही गोरखपुर में इंजन बदले का झंझट भी खत्म हो जाएगा। इस रूट पर विद्युतीकरण कार्य का रेल संरक्षा आयुक्त ने निरीक्षण किया था, जिसके बाद हरी झंडी दे दी है। इसके पहले गोरखपुर से आनंदनगर तक विद्युतीकरण को सीआरएस की मंजूरी मिल चुकी है। विद्युतीकरण का काम पूरा हो जाने और इस पर विद्युत ट्रेन का संचालन होने के बाद गोरखपुर से नौतनवां के बीच कहल भी इंजन बदलने की जरूरत नहल होगी। बतादें कि पूर्वोत्तर रेलवे के लिए नौतनवां इस समय महत्वपूर्ण स्टेशन है। नेपाल से सटे होने के कारण यह स्टेशन ऑटोमोबाइल्स की ढुलाई का हब बन रहा है।

# पहली बार प्रयागराज से चलेगी भारत दर्शन ट्रेन




रे.स.ब्यू./सूत्र। भारत दर्शन ट्रेन का संचालन अब प्रयागराज से भी होगा। इसकी शुरुआत २१ अक्तूबर २१ से होने जा रही है। बतादें कि इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन (आईआरसीटीसी) द्वारा पहली बार प्रयागराज से चार ज्योतिर्लिंग और गुजरात स्थित स्टैचु ऑफ यूनिटी के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है इसके साथ ही संबंधित स्थानों पर रुकने का प्रबंध भी आईआरसीटीसी द्वारा किया जाएगा।

इसकी बुकिंग आईआरसीटीसी ने शुरू कर दी है। आईआरसीटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रयागराज से भारत दर्शन ट्रेन का संचालन पहली बार किया जा रहा है। ट्रेन प्रयागराज संगम से प्रतापगढ़, रायबरेली, लखनऊ, कानपुर के रास्ते रवाना होगी।

इसके अलावा द्वारिका में द्वारिकाधीश मंदिर, भेंट द्वारिका मंदिर, अहमदाबाद में साबरमती आश्रम और स्टैचु ऑफ यूनिटी को भी दिखाया जाएगा। राजस्थान के उदयपुर में सिटी पैलेस, सहेलियों की बाड़ी, महाराणा प्रताप स्मारक का भी भ्रमण इस ट्रेन के माध्यम से करवाया जाएगा। स्लीपर श्रेणी की इस ट्रेन का किराया प्रति यात्री १०३६५ रुपये निर्धारित किया गया है। इस पैकेज में यात्रियों को नाश्ता, दोनों समय का शाकाहारी भोजन एवं स्थानीय यात्रा बसों के माध्यम से करवाई जाएगी। यात्रा २१ अक्तूबर से शुरू होगी जो ३१ अक्तूबर तक चलेगी।

# ६६वां रेल सप्ताह समारोह में महाप्रबंधक प्रमोद कुमार द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेल कर्मी हुए पुरस्कृत




साभारः उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में आयोजित वार्षिक ६६वें रेल सप्ताह समारोह कार्यक्रम के तहत दिनांक ०१.१०.२०२१ को महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रमोद कुमार द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले १४७ अधिकारियों और कर्मचारियों को महाप्रबंधक पुरस्कार प्रदान किये गये। इसके अतिरिक्त ४० कर्मियो को ३ समूह पुरस्कार एवं विभिन्न शील्डे प्रदान की गईं। झांसी मंडल को मिली सर्वोत्तम मंडल एवं प्रयागराज मंडल को मिली समग्र सुधार शील्ड प्राप्त हुई। समारोह में मुख्य कार्मिक अधिकारी, उत्तर मध्य रेलवे, नन्द किशोर ने महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रमोद कुमार और मंजु नन्द किशोर ने अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन उत्तर मध्य रेलवे पूनम कुमार को पौधा देकर स्वागत किया। इस अवसर पर सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष उपस्थित थे । समारोह में महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने कहा कि,हम सभी रेल कर्मियों को भारतीय रेल की १६८ वर्षो की गरिमामयी विकास यात्रा पर अत्यन्त गर्व है। भारतीय रेल को प्रगति के इस मुकाम तक पहुँचाने के लिये हमारे सभी कर्मठ रेलकर्मियों ने हर परिस्थिति में अतुलनीय तथा अथक योगदान दिया है। कार्यक्रम का शुभारंभ महाप्रबंधक द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ । समारोह में स्वागत उदबोधन को एक गाने के रूप में प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी नन्द किशोर द्वारा दिया गया। इस रचनात्मक स्वागत प्रस्तुति को उपस्थित जनसमूह ने करतल ध्वनि से सराहा।

इस अवसर उत्तर मध्य रेलवे के सांस्कृतिक कलाकारों द्वारा कलात्मक प्रस्तुतियां दी गई।

# आर.डी.एस.ओ. में मना हिंदी सप्ताह समारोह



रे.स.ब्यूरो./लखनऊ। आर.डी.एस.ओ. में १४ सितंबर से २० सितंबर २०२१ तक हिंदी सप्ताह मनाया गया। आर.डी.एस.ओ.कार्मिकों को सरकारी काम-काज एवं पत्राचार में राजभाषा हिंदी का अधिकतम प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु हिंदी कार्यशाला और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। २० सितंबर को समापन समारोह के दौरान महानिदेशक संजीव भुटानी ने त्रैमासिक राजभाषा समीक्षा बैठक में विभिन्न निदेशालयों द्वारा हिंदी में किए गए कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने रेल मंत्रालय द्वारा आर.डी.एस.ओ. को हिंदी में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए द्वितीय पुरस्कार के रूप में शिवसागर मिश्र चल वैजयंती प्रदान किए जाने पर संगठन के समस्त कार्मिकों को बधाई दी। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपनी नैतिक जिम्मेदारी के रूप में अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर महानिदेशक संजीव भुटानी, महानिदेशक (विशेष) जे. पी. पाण्डेय, मुख्य राजभाषा अधिकारी राजीव कान्त जैन एवं सभी निदेशालय प्रमुख विशेष रूप से उपस्थित थे। साथ ही संगठन के शेष कार्मिक कोविड प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए वेब के माध्यम से जुड़े रहे।

# ग्वालियर रेलवे स्टेशन जल्द ही दिखेगा नए स्वरूप में - ज्योतिरादित्य सिंधिया



रे.स.ब्यू./सूत्र. झाँसी। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा दिनांक २४.०६.२०२१ को ग्वालियर स्टेशन से गाड़ी संख्या ०२७८२ निज़ामुद्दीन-तिरुपति आंध्र प्रदेश संपर्क क्रान्ति स्पेशल एक्सप्रेस गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर तिरुपति की ओर रवाना कर ग्वालियर स्टेशन पर ठहराव का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर ज्योतिरादित्य सिंधिया गाड़ी के ग्वालियर स्टेशन पर ठहराव की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा होने पर क्षेत्र वासियों को बधाई दी तथा रेल प्रशासन का धन्यवाद दिया। उन्होने आशा व्यक्त कि ग्वालियर से तिरुपति-निजामुद्दीन के मध्य यात्रा करने वाले यात्रियो को इस नये ठहराव से अतिरिक्त सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि ग्वालियर में गाड़ी संख्या ०२७८१ तिरुपति–निजामुद्दीन (आंध्र प्रदेश संपर्क क्रांति स्पेशल) एक्सप्रेस का ठहराव समय १३:३२-१३३४ बजे होगा तथा वापसी मे गाडी सं ०२७८२ निज़ामुद्दीन-तिरुपति एक्सप्रेस गाड़ी समय ०६:५६-०६:५८ बजे ग्वालियर स्टेशन पर रुकेगी।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि झाँसी मंडल रेल सुविधाओं और इन्फ्रास्ट्रक्चर के अपग्रेडेशन के लिए सतत प्रयत्नशील है। जहां एक ओर रेल परिचालन को गतिशील और अधिक से अधिक संरक्षित बनाया जा रहा है वही रेल के उपभोक्ताओं को हर क्षेत्र में अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इस अवसर पर ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ रेलवे के प्रभारी मंडल रेल प्रबंधक संदीप माथुर, ग्वालियर सांसद विवेक शेजवलकर, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, जल संसाधन, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास मंत्री तुलसी सिलावट, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी एवं पूर्व मंत्री इमरती देवी भी मौजूद रही हैं।

# मोबाइल एप अब हिंदी भाषा में भी उपलब्ध

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। भारत सरकार की डिजिटल इंडिया पहल के तहत और तीन सी – कैशलेस ट्रांजेक्शन (डिजिटल भुगतान), कॉन्टैक्ट लेस टिकटिंग (बिक्री वाले स्थान पर खुद जाने की को जरूरत नहीं) तथा ग्राहक सुविधा और अनुभव को प्रोत्साहन देने के उद्दे'य से यूटीएस और मोबाइल ऐप अब अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी भाषा में भी उपलब्ध हैं। उपयोगकर्ता अपनी पसंद की एक भाषा चुन सकते हैं। मोबाइल ऐप पर यूटीएस का उपयोग करते हुए, उपयोगकर्ता कागजरहित या कागज की टिकट में से विकल्प चुन सकते हैं मोबाइल टिकट एप्लीकेशन को पूरी तरह भारतीय रेलवे (सीआरआइएस) द्वारा विकसित किया गया है और यह सभी प्लेटफॉर्म एंड्रायड और आईओएस पर उपलब्ध है। इसे मुफ्त में संबंधित स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। इस एप्लीकेशन को इसकी उपयोगिता और ग्राहक अनुभव के लिए व्यापक सराहना मिली है और गूगल प्ले स्टोर पर इसे चार स्टार की रेटिंग मिली है। यूटीएस मोबाइल एप्लीकेशन के पंजीकृत उपयोगकर्ताओं की संख्या १.४७ करोड़ है।

# छह अक्तूबर तक विद्यार्थी भर सकते हैं ऑनलाइन बोर्ड परीक्षा फॉर्म

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। दसवीं एवं इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष २०२२ में ऑनलाइन बोर्ड परीक्षा फार्म और शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि माध्यमिक शिक्षा परिषद ने २२ सितंबर से बढ़ाकर छह अक्तूबर कर दी है। कक्षा ६ और ११ के विद्यार्थियों के पंजीकरण की तिथि छह अक्तूबर से बढ़ाकर १६ अक्तूबर कर दी गई है।

वहीं अब संस्था के प्रधानाचार्य दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों की परीक्षा शुल्क की सूचना और शैक्षिक विवरण परिषद की वेबसाइट पर ऑनलाइन १६ अक्तूबर तक अपडेट कर सकते हैं।

# ग्वालियर स्टेशन पर एस आई जी निरीक्षण



रे.स.ब्यू./सूत्र। झाँसी मंडल SIG टीम द्वारा ग्वालियर रेलवे स्टेशन का गहन निरीक्षण किया गया। दिनांक:०१.१०.२१ को SIG(स्टेशन इम्प्रूवेमेंट ग्रुप) टीम द्वारा यात्री सुविधाओं की बेहतरी तथा उच्चीकरण के उद्देश्य से सभी यात्री सुविधाओं जैसे की बुकिंग, पार्किंग, माल गोदाम आदि तथा स्टेशन पर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया। टीम द्वारा उपलब्ध यात्री सुविधाओं पर संतोष ज़ाहिर किया गया। इस अवसर पर SIG टीम के अंतर्गत मुख्यालय से आये मुख्य बिजली इंजिनीयर अनुपम सिंघल, मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक (पी एस) एस पी वर्मा, मुख्य इंजिनीयर ट्रेक मशीन राजेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-II अखिल शुक्ल, वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी हिमांशु शर्मा, वरिष्ठ मंडल इंजिनीयर (उत्तर)सुधीर सहित मंडल अभियंता (TRD) रुपेश बाघेला अन्य निरीक्षक व् पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# इज्जतनगर मंडल में मना रेलवे सुरक्षा बल स्थापना दिवस

रे.स.ब्यू./सूत्र.बरेली। पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल में रेलवे सुरक्षा बल स्थापना दिवस मनाया गया। बुधवार दिनांक २२.०६.२०२१ को स्थापना परेड का आयोजन रेलवे स्टेडियम में हुआ। डीआरएम आशुतोष पंत ने इस अवसर पर परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। जवानों को संबोधित करते हुए डीआरएम ने कहा कि भारत सरकार द्वारा दस सितंबर १९५६ को रेलवे सुरक्षा बल अधिनियम लागू किया गया था, जिसका उद्देश्य रेलवे संपत्ति, रेलवे परिसर एवं यात्रियों की समुचित सुरक्षा एवं बचाव करना था। उन्होंने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत प्रत्येक क्षेत्रीय रेलों में विगत वर्षों में रेलवे सुरक्षा बल में महिला बल सदस्यों की भागीदारी बढ़ायी गई है, जो अन्य से अधिक है। इससे महिला यात्रियों के विरुद्ध अपराधों में कमी आई है।


# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा ६६वां रेल सप्ताह पुरस्कार समारोह मनाया गया




रे.स.ब्यू./सूत्र। बिलासपुर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के वाणिज्य विभाग द्वारा ६६वां, रेल सप्ताह समारोह मुख्यालय स्थित सभागार में पूरी गरिमा के साथ दिनांक २६ सितम्बर, २०२१ को मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यालय एवं तीनों मंडलो बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर के वाणिज्य विभाग में कार्यरत उत्कृष्ट कर्मचारियों को प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक स्तर पर वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित इस रेल सप्ताह पुरस्कार समारोह में सैयद निशात अलि, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा वित्तीय वर्ष २०२०-२१ के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले वाणिज्य विभाग के ७२ कर्मचारियों सहित ०३ ग्रुप अवार्ड प्रदान किये गये। बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर सहित वाणिज्य विभाग मुख्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति में सभी पुरस्कार विजेताओं को प्रशस्ती पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान किए गये। वित्तीय वर्ष २०२०-२१ के दौरान वाणिज्य विभाग के कई कर्मचारी ने अभूतपूर्व प्रदर्शन किये है। समारोह के दौरान अजय शंकर झा, मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (यात्री सेवा), वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर सहित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के वाणिज्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

गांधी जयंती विशेष

# बैरिस्टर मोहनदास करमचंद गांधी ऐसे बने महात्मा गांधी



ब्रिटिश सरकार के नमक कानून के विरुद्ध दांडी यात्रा महात्मा गांधी का पहला सविनय अवज्ञा का पहला आंदोलन जो ज्यादातर लोग आज भी मानते हैं लेकिन इसके ३७ साल पहले कुछ ऐसा हुआ था जिसने भारत और अफ्रीका का इतिहास बदल दिया। सात जून १८६३ में गांधी जी एक नौजवान अभ्यासरत वकील-को रंगभेद के चलते अफ्रीका में एक ट्रेन में यात्रा करने से मना कर उन्हें रेलगाड़ी से उतार दिया गया। कुछ आधिकारिक काम के लिए गांधी जी फर्स्ट क्लास टिकट पर डरबन से प्रिटोरिया की यात्रा कर रहे थे। जब वह फर्स्ट क्लास कंपार्टमेंट में बैठे थे तो एक यूरोपियन व्यक्ति ने रेलवे अधिकारियों को बुलाकर कहा कि ये कुली की तरह दिखने वाले आदमी को कोच से हटाओ। जब गांधीजी ने अपना टिकट दिखाते हुए उस कोच से उतरने से मना कर दिया तो रेलवे के लोगों ने उन्हें उनके सामान सहित पीटरमैरिट्जबर्ग रेलवे स्टेशन पर जबर्दस्ती उतार दिया। गांधी जी एक महीने के कॉन्ट्रैक्ट पर वकालत के अभ्यास के लिए दक्षिण अफ्रीका गए थे लेकिन जब उनका कॉन्ट्रैक्ट खत्म हुआ तो इस घटना ने उनके दिमाग में इस कदर घर कर लिया कि वापस न जाने का फैसला लिया और वहीं अश्वेतों के अधिकारों के लिए रुक गए। माय एक्सपेरिमेंट्स विद ट्रुथ में गांधी जी ने लिखा, क्या मुझे अपने अधिकारों के लिए लड़ना चाहिए या भारत वापस जाना चाहिए या फिर मुझे अपमान पर ध्यान न देकर प्रिटोरिया जाना चाहिए और फिर केस खत्म कर भारत वापस चले जाना चाहिए? यह कायरता भरा कदम होगा अगर मैं अपने नैतिक कर्तव्यों को पूरा किए बिना भारत चला गया। वह दक्षिण अफ्रीका में ही रुके और गोरों के खिलाफ कई आंदोलन चलाए। उन्होंने अफ्रीका में भारतीयों के साथ हो रहे भेदभाव के खिलाफ इंडियन कॉन्ग्रेस की स्थापना की। जब उन्होंने १६१४ में दक्षिण अफ्रीका छोड़ा तो पीटरमेरिट्सबर्ग ने उनके १४२ वें जन्मदिन पर २०११ में उनके ही नाम पर स्टेशन को नाम दिया।

# नहीं भुलाई जा सकतीं लाल बहादुर शास्त्री की ये बातें



देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की २ अक्टूबर को जयंती मनाई जा रही है। शास्त्री जी का जन्म उत्तर प्रदेश के मुगलसराय में २ अक्टूबर, १६०४ को शारदा प्रसाद और रामदुलारी देवी के घर हुआ था। देश की आजादी में लाल बहादुर शास्त्री का खास योगदान है। साल १६२० में शास्त्री जी भारत की आजादी की लड़ाई में शामिल हो गए थे और स्वाधीनता संग्राम के जिन आंदोलनों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। इनमें मुख्य रूप से १६२१ का असहयोग आंदोलन, १६३० का दांडी मार्च और १६४२ का भारत छोड़ो आंदोलन उल्लेखनीय हैं। शास्त्री ने ही देश को जय जवान, जय किसान का नारा दिया था। एक बार आधिकारिक उपयोग के लिए उनके पास शेवरले इम्पाला कार थी, उनके बेटे ने ड्राइव के लिए कार का इस्तेमाल किया। जब शास्त्री को इसके बारे में पता चला तो उन्होंने अपने ड्राइवर से कहा कि कार का इस्तेमाल निजी इस्तेमाल के लिए कितनी दूरी पर किया गया और बाद में सरकारी खाते में पैसे जमा कर दिए गए। वहीं जब वह १६५२ में रेल मंत्री बने, लेकिन १६५६ में तमिलनाडु में एक ट्रेन दुर्घटना में लगभग १५० यात्रियों की मौत के बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। दूध के उत्पादन और आपूर्ति को बढ़ाने के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने श्वेत क्रांति को बढ़ावा दिया। साथ ही भारत के खाद्य उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने हरित क्रांति को बढ़ावा दिया।

# यूपी में आप की सरकार बनी तो २५ प्रतिशत शिक्षा पर होगा खर्च-मनीष सिसोदिया



रे.स.ब्यूरो./संवा। विधानसभा चुनाव २०२२ के मद्देनजर दिल्ली के उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया इन दिनों उत्तर प्रदेश में काफी सक्रिय हैं। प्रयागराज आए मनीष सीसोदिया ने एक प्रेसवार्ता कर लोगों को उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में बदलाव लाने का आश्वासन दिया। उन्होंने यूपी की जनता को भरोसा दिलाया कि राज्य में अगर आप की सरकार बनी तो पहले बजट का २५ फीसद हिस्सा शिक्षा पर खर्च होगा। उन्होंने यूपी को दिल्ली की तरह विकसित करने का आश्वासन भी दिया। मनीष सिसोदिया बोले, हम तो अपने काम के बूते वोट मांगने यूपी के जिलों में जाएंगे। जनता साथ देगी तो यूपी में आपकी सरकार होगी और प्रदेश का विकास होगा। यूपी चुनाव २०२२ संबंधी आप का रोडमैप घोषित करने के साथ ही मनीष सिसोदिया ने राज्य की मौजूदा सरकार पर भी हमला बोला। उन्होंने मौजूदा सरकार पर प्रदेश की 'शिक्षा व्यवस्था का बंटाधार करने का आरोप लगाया। मनीष सिसोदिया ने कहा कि योगी सरकार ने शिक्षा का बजट १७ प्रतिशत से घटाकर १३ प्रतिशत करने का काम किया है। इसलिए सरकारी स्कूलों के हालात बद से बदतर हो गए हैं।

# झाँसी मंडल पर स्वच्छता पखवाड़ा–२०२१ का आयोजन



रे.स.ब्यू./सूत्र. झाँसी। रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार हर वर्ष की भाँती इस वर्ष भी भारतीय रेल में स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत अभियान के तहत दिनांक १६.०६.२१ से ०२.१०.२१ तक स्वच्छता पखवाडा मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत मंडल कार्यालय एवं झांसी मंडल के सभी स्टेशनों के कार्यालयों, स्टेशन परिसर, रेलवे कॉलोनी, रेलवे चिकित्सालय में अधिकारीयों एवं कर्मचारियों द्वारा श्रमदान कर सफाई सुनिश्चित की जा रही है तथा तरह-तरह के नुक्कड़ नाटक, रैलियों आदि के माध्यम से यात्रियों तथा आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक:१६.०६.२१ को "स्वच्छ रेलगाड़ी दिवस के रूप में मनाया गया, जिसके अंतर्गत मंडल से गुजरने वाली विभिन्न गाड़ियों में सफाई व्यवस्था रेल अधिकारीयों द्वारा परखी जा रही है। इसके अतिरिक्त सभी गाड़ियों में सफ़र कर रहे यात्रियों से उनका स्वच्छता सम्बंधित अनुभव प्राप्त करने हेतु फीडबैक भी लिया जा रहा है। स्टेशन यार्ड तथा वाशिंग लाइन आदि में भी सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

# CGHS: केंद्र सरकार के ३५ लाख कर्मियों को मिली राहत

रे.स.ब्यू.। सीजीएचएस के दायरे में आने वाले केंद्र सरकार के ३५ लाख कर्मी के लिए राहत की खबर है। उन्हें अब इलाज और मेडिकल टेस्ट को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है। केंद्र सरकार ने कोविड-१६ के दौरान सीजीएचएस के दायरे में आने वाले सूचीबद्ध स्वास्थ्य देखभाल संगठन यानी प्राइवेट अस्पतालों की वैधता को अब ३१ मार्च २०२२ तक बढ़ा दिया है। जिसके बाद अब केंद्रीय कर्मियों को पिछले छह माह के दौरान जारी रेट पर ही इलाज और मेडिकल टेस्ट कराने की सुविधा मिलेगी। बता दें कि पहले इन संगठनों की वैधता ३१ मार्च २०२१ तक थी। उस वक्त देश में कोरोना संक्रमण तेजी से फैल रहा था।

हिन्दी जन, राज एवं मैत्री की भाषा है, राष्ट्रीय व्यवहार में हिन्दी को काम में लाना देश की शीघ्र उन्नति के लिए आवश्यक है।

# KOCHUVELI – GORAKHPUR SPECIAL TO BE CONVERTED TO LHB RAKE

**CPRO/SR: The conventional rakes of Train No. 02511 / 02512 Gorakhpur – Kochuveli – Gorakhpur Tri-Weekly Superfast Special trains will be converted into LHB (Linke Hofmann Busch) Coaches Ex. Gorakhpur with effect from 31.10.2021 and Ex. Kochuveli with effect from 03.11.2021.The existing composition of One AC 2-tier coach, Six AC 3-tier coaches, Eleven Sleeper Class Coaches, Four General Second Class, and Two Luggage cum Brake vans will be revised as LHB - One AC 2-tier Coach, Seven AC 3-tier Coaches, One AC 3-tier Economy Coach, Four Sleeper Class Coaches, Two General Second Class, One General second class for differently abled persons & Luggage cum Brake van and One Luggage cum Brake van.**

# संरक्षा विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान




रे.स.ब्यूरो.प्रयागराज। गाजियाबाद-पंडित दीनदयाल उपाध्याय उत्तर मध्य रेलवे के सबसे बड़े मण्डल, प्रयागराज मण्डल का हिस्सा है। प्रयागराज मंडल में लगभग २२० से अधिक ट्रेनें १३० किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम रफ्तार पर चल रही हैं जो कि भारतीय रेलवे के किसी भी अन्य मंडल में १३० किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम रफ्तार से चलने वाली ट्रेनों की संख्या से कहीं अधिक है। प्रयागराज मंडल अपने यात्रियों को संरक्षित एवं समयबद्ध रेल यात्रा देने के लिए सदैव तत्पर रहा है।

संरक्षित रेल परिचालन के दृष्टिगत प्रयागराज मण्डल के संरक्षा विभाग द्वारा निरंतर संरक्षा जागरुकता अभियान चलाया जाता है। इसी क्रम में प्रयागराज मण्डल के संरक्षा विभाग द्वारा प्रयागराज डाउन यार्ड में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान स्टेशन प्रबंधक, यातायात निरीक्षक एवं संरक्षा सलाहकार/यातायात के द्वारा शंटिग विषय पर विशेष काउंसिल किया गया। इस दौरान शंटिग के नियम,यार्ड की जानकारी,शंटिग के दौरान फ्री इंडिकेशन का कार्य,कपलिंग जोड़ने एवम काटने का विधि एवं प्रत्येक लाइन की सक्षमता के विषय पर चर्चा हुई। इस दौरान स्टेशन मैंनेजर दिलीप ठाकुर,यातायात निरीक्षक संतोष त्रिपाठी एवं संरक्षा सलाहकार मनोज कुमार मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य विभाग को मिले पब्लिक हेल्थ स्पेशियलिस्ट

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने मंगलवार दिनांक २८.०६.२०२१ को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा विभाग के तहत एलोपैथिक चिकित्साधिकारी, श्रेणी-२ (लेवल-२) पब्लिक हेल्थ स्पेशियलिस्ट के ३० पदों पर सीधी भर्ती का अंतिम चयन परिणाम जारी कर दिया। इनमें १३ पद अनारक्षित, आठ पद अन्य पिछड़ा वर्ग, छह पद अनुसूचित जाति एवं तीन पद आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित है। हालांकि अभ्यर्थी उपलब्ध न होने के कारण आयोग ने २५ पदों पर ही अभ्यर्थियों को अंतिम रूप से चयनित घोषित किया है। उप सचिव विनोद कुमार सिंह/आयोग के अनुसार अभ्यर्थी उपलब्ध न होने के कारण अनुसूचित जाति के दो पद और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित तीन पद खाली रह गए।

# अंशुमान राम त्रिपाठी बने यूपी के अपर निदेशक सूचना



रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज। भारतीय रेलवे सुरक्षा सेवा के अधिकारी अंशुमान राम त्रिपाठी को भारत सरकार से उत्तर प्रदेश में प्रतिनियुक्ति पर लाकर अपर निदेशक सूचना के पद पर तैनात किया गया है। अंशुमान राम मूल से गोरखपुर के रहने वाले हैं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के करीबी हैं। बता दें कि यह पद लंबे समय से खाली पड़ा था।

# कांग्रेसियों ने गांधी जयंती पर किया श्रद्धा सुमन अर्पित



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। बालसन चौराहे पर कांग्रेसियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती की पूर्व संध्या पर पुष्पांजलि व मोमबत्ती जलाकर उनको याद किया कांग्रेसी नेता इरशाद उल्ला ने कहा महात्मा गांधी के सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं पूरी दुनिया महात्मा गांधी जी के विचारों को मानती है वह अपना आती है उन्होंने देश को जोड़ने का काम किया सभी धर्मो को साथ लेकर चले तभी देश तरक्की करेगा पुष्पांजलि व मोमबत्ती जलाने वालों में मुख्य रूप से इरशाद उल्ला, लाल बाबू साहू, अजय कुमार श्रीवास्तव, आफताब अहमद, कामेश्वर सोनकर, शिवम पांडे, अभिषेक शुक्ला, कुमार कश्यप शंभू साहू, शंभू नाथ रावत, अतुल तिवारी अजित सिंह आदि लोग मौजूद थे।

# नीमच-रतलाम रेल लाइन के दोहरीकरण को मिली केंद्र की मंजूरी



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने नीमच-रतलाम रेल लाइन के दोहरीकरण की मंजूरी दी है। इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत १,०६५.८८ करोड़ रुपये और बढ़ी हुई/कार्य समापन लागत १,१८४.६७ करोड़ रुपये होगी। इस लाइन के दोहरीकरण की कुल लंबाई १३२.९२ किमी है। यह परियोजना चार साल में पूरी होगी। नीमच-रतलाम खंड की लाइन क्षमता उपयोग रख-रखाव ब्लॉकों के साथ १४५.६ प्रतिशत तक है। इस परियोजना मार्ग खंड पर बिना रख-रखाव ब्ल क के भी अधिकतम क्षमता से भी कहीं अधिक माल ढुलाई यातायात हो गया है। सीमेंट कंपनियों के कैप्टिव पॉवर प्लांट के लिए मुख्य आवक माल यातायात के रूप में कोयले की ढुलाई की जाती है। नीमच-चित्तौड़गढ़ क्षेत्र में सीमेंट ग्रेड, चूना पत्थर के विशाल भंडारों की उपलब्धता होने से नए सीमेंट उद्योगों की स्थापना के कारण इस खंड पर यातायात में और बढ़ोतरी होगी। नीमच- रतलाम खंड के दोहरीकरण से इस खंड की क्षमता में बढ़ोतरी होगी। इस प्रकार सिस्टम में अधिक माल और यात्री ट्रेन शामिल की जा सकेंगी। सीमेंट उद्योगों की निकटता के कारण पहले वर्ष से ५.६७ मिलियन टन प्रति वर्ष की अतिरिक्त माल ढुलाई की उम्मीद है, जो ११वें वर्ष में बढ़कर ६.४५ मिलियन टन प्रति वर्ष हो जाएगी। इससे आसान कनेक्टिवटी उपलब्ध होने के साथ-साथ इस क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सदस्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः
१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो कैंप कार्यालय-८४३६ आर्य नगर पहाड़गंज दिल्ली-५५

यात्रीगण कृपया ध्यान दें

## महत्वपूर्ण सूचना

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा चलाई जा रही निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि/संचालन अवधि में बढ़ोत्तरी करने का निर्णय लिया गया है:–

### त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | मौजूदा आवृत्ति/दिन | संशोधित आवृत्ति/दिन | संशोधित आवृत्ति दिनांक से प्रभावी |
|---|---|---|---|
| 02165 लोकमान्य तिलक टर्मिनस – गोरखपुर त्यौहार स्पेशल (वाया वाराणसी जं.) | सप्ताह में दो दिन सोम एवं गुरू | सप्ताह में तीन दिन सोम, गुरू एवं शुक्र | 29.10.2021 से 31.03.2022 तक |
| 02166 गोरखपुर – लोकमान्य तिलक टर्मिनस त्यौहार स्पेशल (वाया वाराणसी जं.) | सप्ताह में दो दिन मंगल एवं शुक्र | सप्ताह में तीन दिन मंगल, शुक्र एवं शनि | 30.10.2021 से 01.04.2022 तक |

### त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की समय–सारणी में संशोधन

इसके अतिरिक्त सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की समय–सारणी में निम्नानुसार संशोधन करने का निर्णय लिया गया है:–

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | स्टेशन | वर्तमान समय | | परिवर्तित समय | | तिथि (प्रारंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान | |
| 05030 पुणे जं. – गोरखपुर त्यौहार स्पेशल (वाया लखनऊ) | पुणे जं. | -- | 11:30 | -- | 10:45 | दिनांक 05.02.2022 से |
| | अहमदनगर | 13:27 | 13:30 | 13:22 | 13:25 | |
| | कोपरगांव | 15:28 | 15:30 | 15:30 | 15:33 | |
| 02099 पुणे जं. – लखनऊ जं. सुपरफास्ट स्पेशल | पुणे जं. | -- | 11:30 | -- | 10:45 | दिनांक 02.11.2021 से |
| | दौंड कॉर्ड लाइन | 12:23 | 12:25 | 11:50 | 11:52 | |
| | कोपरगांव | 16:13 | 16:15 | 15:30 | 15:33 | |

नोटः रेलगाड़ियों और रेलवे स्टेशनों पर सामाजिक दूरी व सैनिटाइजेशन आदि सहित कोविड–19 से संबंधित राज्य एवं केन्द्र सरकार के सभी नियमों और सभी सावधानियों का पालन करना अनिवार्य है।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट http://www.enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव
रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2253/2021
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# युवा देश को स्वच्छ बनाने में दें अपना योगदान-अनुराग ठाकुर




रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। प्रयागराज आगमन पर मोती लाल नेहरू नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमएनएनआईटी) में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, अनुराग सिंह ठाकुर ने ०१ अक्टूबर, २०२१ से ३१ अक्टूबर, २०२१ तक चलने वाले स्वच्छ भारत कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि धर्म, अध्यात्म और शिक्षा की नगरी प्रयागराज से स्वच्छता कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जा रहा है, इसके लिए मैं इस कार्यक्रम से जुड़े सभी लोगो को बधाई देता हूं। ऐतिहासिक नगरी प्रयागराज से जब कोई संकल्प लिया गया है, तो वह पूरा हुआ है। मुझे पूरा भरोसा है कि आप लोगो के सहयोग से जो स्वच्छता का संदेश दिया जायेगा, वो पूरे भारत वर्ष तक पहुंचेगा। देश को आजाद कराने में युवाओं ने सबसे अधिक भूमिका निभाई थी, इसी तरह से युवाओं को इस अभियान से जुड़ कर भारत को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान देना है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने सम्बोधन में गंगा, यमुना एवं सरस्वती की धरती प्रयागराज से स्वच्छ भारत कार्यक्रम का शुभारम्भ करने के लिए केन्द्रीय मंत्री को धन्यवाद दिया और कहा कि यह बहुत ही ऐतिहासिक कार्यक्रम है, इसके लिए हम सब को संकल्पबद्ध होकर इस अभियान से जुड़ते हुए कार्य करना होगा। इस अवसर पर सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल, विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन वाजेपयी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों के अलावा युवा एवं खेल मंत्रालय की सचिव ऊषा शर्मा, खेल मंत्रालय भारत सरकार के महानिदेशक विजय कुमार सहित नेहरू युवा केन्द्र के युवा/महिला मण्डल के पदाधिकारियों ने भी स्वच्छता अभियान में प्रतिभाग किया।

# लगन, मेहनत तथा लक्ष्य के प्रति समर्पण सफलता का मूल मंत्र-मण्डलायुक्त



साभारःसूचना विभाग,प्रयागराज। मण्डलायुक्त संजय गोयल ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत संचालित निःशुल्क कोचिंग के इस सत्र के समापन के अवसर पर छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि लगन, मेहनत तथा लक्ष्य के प्रति समर्पण सफलता का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि समय का प्रबंधन तथा सदुपयोग भी बहुत महत्व रखता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि इस कठिन परिस्थिति में भी आप लोगों का मनोबल बना रहा, यह बहुत बड़ी बात है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविश्य के लिए शुभकामनांए देते हुए आशा व्यक्त की कि आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं में अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं सफल होगें।

उन्होंने यह भी कहा कि असफल होने पर कभी भी हतोत्साहित न हो तथा घबराएं नहीं, आत्मविश्वास बनायें रखते हुए अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बारा सौम्या गुरूरानी(आइएएस) ने भी छात्र-छात्राओं को सफलता के टिप्स दिए। इस अवसर पर उप निदेशक समाज कल्याण, समाज कल्याण अधिकारी प्रवीण सिंह सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

# ०१ अक्टूबर से ३१ अक्टूबर, २०२१ तक चलेगा स्वच्छ भारत कार्यक्रम



साभारः आजादी के अमृत महोत्सव के क्रम में स्वच्छ भारत कार्यक्रम का शुभारम्भ ०१ अक्टूबर, २०२१ को होगा। स्वच्छ भारत कार्यक्रम ०१ से ३१ अक्टूबर, २०२१ तक चलेगा। मुख्य विकास अधिकारी श्री शिपू गिरि ने ०१ से ३१ अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छ भारत कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन की तैयारियों के सम्बंध में विकास भवन के सभागार में सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उनके दायित्वों को निर्धारित करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन किये जाने के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये है। बैठक में नगर निगम विभाग, चिकित्सा विभाग, पंचायतीराज विभाग, युवा कल्याण विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, वन विभाग, उद्यान विभाग, भारत स्काउट एंड गाइड, आईसीडीएस, परिवहन विभाग, आजीविका मिशन, क्रीडा अधिकारी, नेहरू युवा केन्द्र सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. 329/255, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 502 पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-211003 से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.51097-90 पोस्ट ए.डी-8
मो. 9793956044,9935224867
फोन नं.-0532-2418040

**सभी जेड.आर.यू.सी.सी./ डी.आर.यू.सी.सी.सदस्य**

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है। कृपया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों/सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कृपा करें।

प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव
मो. 9793956044, 9935224867

